# होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान

(यूजीसी अधिनियम 1956 की धारा 3 के तहत मानित विश्वविद्यालय एवं
भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग की सहायता प्राप्त संस्था)

## प्रथम वार्षिक दीक्षांत समारोह

**सोमवार, 2 जून 2025, अपराह्न 2.30**

### प्रेस विज्ञप्ति

होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान (एचबीएनआई) ने 2 जून, 2025 को डीएई कन्वेंशन सेंटर, अणुशक्तिनगर में अपना पहला दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। संघटक संस्थानों और दूरस्थ कैंपस केंद्र के प्रमुखों, अकादमिक अधिकारियों, एचबीएनआई केंद्रीय कार्यालय के सहयोगियों, छात्रों और संकायों ने इस कार्यक्रम में हर्षोल्लास से भाग लिया। दीक्षांत समारोह का उद्‌घाटन डॉ. अनिल काकोडकर, माननीय कुलाधिपति, एचबीएनआई द्‌वारा किया गया और उन्होंने समारोह की अध्यक्षता भी की। प्रो. यू. कामाची मुदाली, माननीय कुलपति, एचबीएनआई ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया और वर्ष 2024-2025 की शैक्षणिक प्रगति और उपलब्धियों के साथ एचबीएनआई की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके बाद माननीय कुलाधिपति, डॉ. अनिल काकोडकर ने अध्यक्षीय संबोधन प्रस्तुत किया जिन्होंने एचबीएनआई के प्रारंभ और इस अवधि में इसके विकास के परिणामस्वरूप उत्कृष्ट प्रदर्शन के बारे में बताया। डॉ. ए. के. मोहांती, अध्यक्ष, प्रबंध परिषद और सचिव, परमाणु ऊर्जा विभाग एवं अध्यक्ष, परमाणु ऊर्जा आयोग ने विशेष संबोधन प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने एचबीएनआई संकाय सदस्यों और छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। प्रो. पी. बलराम, मानद प्रोफेसर, जेएनसीएएसआर और पूर्व निदेशक, आईआईएससी बेंगलुरु इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने दीक्षांत समारोह का संबोधन दिया जिसमें उन्होंने जीवन और तत्वों के बारे में बात की। उन्होंने क्रमशः जैविक और प्रौद्‌योगिकीय विकास को आगे बढ़ाने में कार्बन और सिलिकॉन की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने युवा स्नातक छात्रों को अपने करियर में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए लचीला और कल्पनाशील बनने की सलाह दी। इसके बाद मुख्य अतिथि, माननीय कुलाधिपति और अध्यक्ष, प्रबंध परिषद द्‌वारा रसायन, इंजीनियरिंग, जीवन, गणितीय और भौतिक विज्ञान के 13 उम्मीदवारों को उत्कृष्ट डॉक्टरेट छात्र पुरस्कार प्रदान किए गए। माननीय कुलाधिपति और अध्यक्ष, प्रबंध परिषद द्‌वारा पीएच.डी. की डिग्री पूरी करने वाले छात्रों को व्यक्तिगत रूप से या अनुपस्थिति में भी डिग्री प्रदान की गईं। माननीय कुलाधिपति, एचबीएनआई ने प्रतिज्ञा दिलाई जिसके बाद अध्यक्ष, प्रबंध परिषद द्‌वारा उम्मीदवारों को डिग्री प्रदान की गईं। माननीय कुलाधिपति ने स्नातकों के रजिस्टर पर हस्ताक्षर किए और दीक्षांत समारोह के समापन की घोषणा की। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ जिसके बाद सभी अतिथिगण औपचारिक वस्त्र बदलने के लिए लौट गए। इसके बाद सभी स्नातक छात्रों की गणमान्य व्यक्तियों के साथ एक ग्रुप फोटो ली गई।

**************************